# अधिष्ठाता कार्यालय
## छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर (छ.ग.)–495001
FAX (O)- 07752-224200, PHONE (O) – 07752-230030
Website: www.cimsbilaspur.ac.in email- deancims@gmail.com


क्र. 7850 /स्था./प्रशा./सिम्स/21 बिलासपुर, दिनांक 17-05-2021

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 12–02/2020/नौ/55–4 नवा रायपुर,एफ 12–02/2020/नौ/55–4 नवा रायपुर, दिनांक 25 जुलाई 2020 के तहत् छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (महाविद्यालय), बिलासपुर में कोविड–19 हेतु वायरोलॉजी लैब के तत्काल संचालन हेतु विविध पदों को पूर्व में संविदा नियुक्ति के माध्यम से 06 माह के लिए भरे जाने हेतु अनुमति प्रदान की गई थी।

छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 12–02/2020/नौ/55–4 नवा रायपुर, दिनांक 04 मार्च 2021 के अनुसार उक्त पदों को पुनः 06 माह की संविदा अवधि में वृद्धि की अनुमति प्रदाय की गई है। अतः निम्नानुसार रिक्त पदों को 06 माह की संविदा अवधि के लिये भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं तथा आवेदक/आवेदिका, का आवेदन कार्यालय अधिष्ठाता, सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/ईमेल के माध्यम से दिनांक 27.05.2021 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें।

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त समेकित वेतन | पद संख्या | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैब टेक्नीशियन | 20900/– | 07 | 04 | 03 (01 पद दिव्यांगजन हेतु आरक्षित ) | – | – | 1. जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र हायर सेकण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण। 2. शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित। 3. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत |
| 2 | लैब अटेण्डेंट | 11360/– | 05 | 02 | 02 (01 पद दिव्यांगजन हेतु आरक्षित ) | – | 01 | 1. किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से आठवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |

### आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु अनिवार्य नियम एवं शर्तेः–

1. संविदा नियुक्ति शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम–2012 में निहीत शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. संविदा भर्ती में छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश एवं शासन द्वारा समय–समय पर चयन के संबंध में दिशा निर्देश एवं माप दण्डों का पालन किया जावेगा।
3. जन्म तिथि प्रमाणित हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र/8 वीं/ हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा।

17/5/21

4. परिस्थिति वश एवं आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या वृद्धि अथवा विज्ञापन का पूर्ण भाग/आंशिक भाग निरस्त किया जा सकता है।
5. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्थान से होना अनिवार्य है।
6. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है एवं दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा नियमानुसार पूर्व सूचना देते हुए कार्यमुक्त किया जा सकेगा।
7. सेवा समाप्ति के बाद कर्मियों को किसी प्रकार की पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदाय नहीं की जायेगी।
8. आवेदन पत्र के साथ जमा किये जाने वाले समस्त अभिलेख स्वसत्यापित करें।
9. संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश एवं निर्देश लागू होंगे।
10. किसी भी शासकीय/अर्द्ध शासकीय सेवा में कदाचरण के आरोप में हटाये गये ब्लेक लिस्ट अथवा कार्य क्षमता पूर्वक नहीं करने के कारण सेवा वृद्धि नहीं किये गये व्यक्ति/अभ्यर्थी चयन के पात्र नहीं होंगे।
11. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा करना अनिवार्य है, अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
12. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना नियोक्ता संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन में संलग्न करना अनिवार्य है।
13. शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान में सम्बंधित कार्यक्षेत्र का अनुभव को ही मान्य किया जायेगा।
14. फॉर्म के ऊपर एवं लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अनिवार्यतः अंकित करें।
15. आवेदक को छग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है अतः मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
16. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
17. दिव्यांगजन हेतु आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जिला मेडिकल बोर्ड, का दिव्यांगता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
18. लैबटेक्नीशियन एवं लैब अटेंडेंट की संविदा नियुक्ति हेतु अंको का निर्धारण निम्नानुसार है:–
    न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के प्रतिशत का 75 % एवं कार्य अनुभव 25 अंक (प्रति वर्ष हेतु 2.5 अंक अधिकतम 25 अंक) का होगा।
18. लैब टेक्निशियन, एवं लैब अटेण्डेंट के पदों पर प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी उपरांत पात्र/अपात्र सूची संस्थान के वेबसाइड पर अपलोड कर दी जावेगी जिस हेतु सिम्स महाविद्यालय की वेबसाइट **www.cimsbilaspur.ac.in** का सतत अवलोकन करते रहेंगें।
19. कोविड से उत्पन्न परिस्थितयों को दृष्टिगत रखते हुये, वर्तमान में आनलाईन फार्म भी स्वीकार किये जा रहे हैं। इस हेतु विज्ञापन में दिये गये फार्म को विज्ञापन में दिये गये निर्देशानुसार पूर्ण करके आवेदन पत्र समस्त वांछनीय संलग्नकों के साथ स्केन करके **cimsbilaspur21@gmail.com** पर ईमेल करें।
20. अधिष्ठाता का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
21. अभ्यर्थी जानकारी हेतु सिम्स महाविद्यालय की वेबसाइट **www.cimsbilaspur.ac.in** का सतत अवलोकन करते रहेंगें।

**चयन प्रक्रिया :–** उपरोक्त रिक्त पदों पर चयन अधिष्ठाता, सिम्स बिलासपुर छ.ग. द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

**अधिष्ठाता**
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान
बिलासपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

| आवेदक का वर्तमान समय का पासपोर्ट साईज का फोटो स्वयं द्वारा सत्यापित किया |
|---|

**आवेदित पद का नाम :–** ..........................................................

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में ) ..........................................................
   ( अंग्रेजी ब्लाक लेटर्स में ) ..........................................................
2. पिता /पति का नाम ..........................................................
3. अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता ..........................................................
   ..........................................................
   ब) स्थायी पता ..........................................................
   ..........................................................
   स) फोन नंबर/मोबाईल नंबर ..........................................................
4. अ) जन्म तिथि – (अंको में) ..........................................................
   (शब्दों में) ..........................................................
   (जन्मतिथि प्रमाण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र/8 वीं/10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची संलग्न करें).
   ब) दिनांक 01.01.2021 को आयु वर्ष..................माह..............दिन..........
5. छ.ग. का मूल निवासी प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)......
6. वर्ग (अनारक्षित/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. )..........................................................
   (आरक्षित वर्ग के उम्मीद्वार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें )
7. क्या आवेदक दिव्यांग है? हां/नहीं ..........................................................
   (यदि हां तो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें )
8. शैक्षणिक योग्यता ..........................................................
9. शैक्षणिक योग्यता का विवरण(समस्त अंक सूचियों की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Sd/- 17/5/21

9. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ।)

| क्र. | कार्यालय / संस्था | धारित पद | से | तक | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

10. क्या आवेदक के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस .................................................. थाने में / न्यायालय में लंबित है अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका है? यदि हॉ तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि जानकारी को स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।

13. संलग्न किये गये सत्यापित प्रमाण पत्र की सूची :–

1........................................................................ 2........................................................................

3........................................................................ 4........................................................................

5........................................................................ 6........................................................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि असत्य पाये जाते है या यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा तथ्यों को छिपाया गया है तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांकः. ..............

नाम एवं पूरा पता

स्थानः ...............

17/5/21